Worksheet - 2

HINDI

Grade:VII Date : 24.06.2025

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:

राजेंद्र प्रसाद स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति थे. 26 **जनवरी** ,1950 **को जब हमारा गणतंत्र लागू हुआ तब डॉ प्रसाद को इस पद से सम्मानित किया गया था. आजादी के बाद बनी पहली सरकार में डॉ राजेन्द्र प्रसाद को पंडित जवाहरलालनेहरु की सरकार में कैबिनेट मंत्री के तौर पर खाद्य व कृषि विभाग का काम सौंपा गया. इसके साथ ही इन्हें भारत के संविधान सभा में संविधान निर्माण के लिए अध्यक्ष नियुक्त किया गया. राजेन्द्र प्रसाद गाँधी जी मुख्य शिष्यों में से एक थे, उन्होंने भारत की आजादी के लिए प्राण तक न्योछावर करने की ठान रखी थी. ये स्वतंत्रता संग्रामी के रूप में इनका नाम मुख्य रूप से लिया जाता है स्कूल के दिन परिश्रम और मौज-मस्ती का मिश्रण थे। उन दिनों में यह परम्परा थी कि शिक्षा का** आरंभ **फ़ारसी की शिक्षा से किया जाए। राजेन्द्र प्रसाद पाँच या छह वर्ष के रहे होंगे जब उन्हें और उनके दो चचेरे भाइयों को एक मौलवी साहब पढ़ाने के लिए आने लगे। शिक्षा आरंभ करने वाले दिन पैसे और मिठाई बांटी जाती है। लड़कों ने अपने अच्छे स्वभाव वाले मौलवी साहब के साथ शैतानियाँ भी की मगर मेहनत भी कस कर की। वे सुबह बड़ी जल्दी उठ कर कक्षा के कमरे में पढ़ने के लिए बैठ जाते। यह सिलसिला काफ़ी देर तक चलता और बीच में उन्हें खाने और आराम करने की छुट्टी मिलती। वास्तव में यह कल्पना भी नहीं की जा**

सकती थी कि इतने बच्चे बहुत देर तक ध्यान लगा कर पढ़ाई कर सकें। ये विशेष गुण जीवन पर्यन्त राजेन्द्र प्रसाद में रहे और इन्हीं ने उन्हें विशिष्टता भी दिलाई।

(क) राजेन्द्र प्रसाद कब राष्ट्रपति बने ?

(ख) **डॉ राजेन्द्र प्रसाद को <u>पंडित जवाहरलालनेहरु</u> की सरकार में किसके तौर पर कृषि विभाग का काम सौंपा गया** ?

(ग) **राजेन्द्र प्रसाद** और **गाँधी जी** ने **भारत की आजादी के लिए क्या करने की ठान रखी थी** ?

(घ) **राजेन्द्र प्रसाद जी ने किस उम्र से शिक्षा आरंभ** की? और उन्हें **और उनके दो चचेरे भाइयों को कौन पढाते थे ?**

(ड़) **गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए ।**

II. 1. **निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए :**

(क) पानी (ख) आशा

(ग) हाथ (घ) अध्यापक

2. **निम्नलिखित शब्दों के** वचन बदलिए :

(क) मिठाई (ख) वस्तु

(ग) बच्चा (घ) लता

3. **निम्नलिखित शब्दों के उल्टे शब्द लिखिए:**

(क) स्वदेश (ख) नया

(ग) दोस्त (घ) उदास

4. **निम्नलिखित शब्दों के** लिंग बदलिए :

(क) चूहा (ख) बकरा

(ग) सखा (घ) बेटा

III. 1. **निम्नलिखित शब्दों के अंग्रेजी अर्थ लिखिए :**

(क) घाव (ख) साबुन (ग) टीका

2. **निम्नलिखित शब्दों के हिंदी अर्थलिखिए :**

(क) Major (ख) Neck (ग) Interesting

3. कोष्ठक में दिए गये सही उत्तर चुनकर खाली जगह भरिए **:**

(कुत्ते के काटने पर, डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद, रेबिज, गज्जन, मलेरिया, पक्षियों के काटने पर)

क) "टेटनस" का टीका .... पर लगाना चाहिए|

ख) **भारत के प्रथम राष्ट्रपति** .... थे |

ग) कुत्ते को कभीकभी .... नामक बीमारी हो जाती है|

घ) राजेद्र बाबू ने ....की मदद की|